आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 29.01.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2025–26 पेश किया। चालू वित्त वर्ष में मजबूत घरेलू मांग के कारण देश की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर 7 दशमलव 4 प्रतिशत रहने का अनुमान।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने छात्र कौशल संवर्धन के लिए लैब ऑन व्हील्स का फ्लैग ऑफ किया।
- उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग ने राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत को वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।
- जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार कार्यक्रम के तहत चम्पावत और उत्तरकाशी की न्याय पंचायतों में बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन।

**आर्थिक सर्वेक्षण**

देश में वित्त वर्ष 2025–26 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर सात दशमलव चार प्रतिशत रहने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2026–27 में वृद्धि दर छह दशमलव आठ से सात दशमलव दो प्रतिशत के बीच रह सकती है। यह अनुमान आज संसद में केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा पेश आर्थिक सर्वेक्षण में व्यक्त किया गया।
वित्त मंत्री द्वारा आर्थिक सर्वेक्षण पेश किए जाने के बाद सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की अगली कार्यवाही अब पहली फरवरी रविवार को होगी। इस दिन केन्द्रीय बजट 2026–27 पेश किया जाएगा।

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता आत्मविश्वासपूर्ण, प्रतिस्पर्धी और उत्पादक भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बजट सत्र के दूसरे दिन आज नई दिल्ली स्थित संसद भवन परिसर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने यह बात कही।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए अगले 25 वर्ष महत्वपूर्ण होंगे। श्री मोदी ने कहा कि भारत का लोकतंत्र और जनसंख्या विश्व के लिए आशा की किरण हैं और अब देश आकर्षण का केंद्र बन गया है।

**राज्यसभा सांसद**

उत्तराखंड से राज्यसभा सांसद डॉ. नरेश बंसल ने आज सदन में उत्तराखण्ड में ग्रामीण पर्यटन के विकास और चारधाम के अलावा राज्य में अन्य स्थानों पर स्थित धार्मिक महत्व के पुरातन मन्दिर श्रृंखला जैसे पर्यटन को बढ़ावा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के विकास के लिए आने वाले समय में ग्रामीण पर्यटन महत्वपूर्ण साधन के रूप में उभरेगा।

**लैब ऑन व्हील्स**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय से छात्र कौशल संवर्धन के लिए इंफोसिस स्प्रिंगबोर्ड– लैब ऑन व्हील्स का फ्लैग ऑफ किया। लैब ऑन व्हील्स छात्रों को ए. आई, कोडिंग, आई.ओ.टी और अन्य इमर्जिंग–टैक क्षेत्रों में कौशल संवर्धन के लिए हैण्ड्स ऑन सुविधा उपलब्ध कराएगा। साथ ही विज्ञान विषय के विभिन्न प्रयोगों को वर्चुअल मोड से सीखने में सहायता प्रदान करेगा। लैब ऑन व्हील्स आगामी पांच वर्ष तक पूरे राज्य संस्थाओं में जाकर छात्रों को जागरूक करते हुए उनको हैण्स ऑन प्रशिक्षण प्रदान करेगा और उनको वैश्विक संभावनाओं से जोड़ेगा। लैब ऑन व्हील्स में उपलब्ध हैण्ड्स ऑन और प्रैक्टिकल्स उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा व विद्यालयी शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों के लिए उपयोगी है।

**राज्यपाल**

उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. रवि दत्त गोदियाल और अन्य सदस्यों ने आज लोक भवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह को आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने आयोग द्वारा अपनाई जा रही नवाचारी पहलों की सराहना करते हुए आयोग को अपने कार्यों में अधिक से अधिक नवीन तकनीक का प्रयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि आयोग पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही के उच्चतम मानकों पर सदैव खरा उतरे। राज्यपाल ने अन्य राज्यों में अपनाई जा रही श्रेष्ठ प्रक्रियाओं का अध्ययन कर उन्हें आवश्यकतानुसार लागू करने की बात भी कही। इस अवसर

पर आयोग के अध्यक्ष ने राज्यपाल को आयोग द्वारा किए जा रहे कार्यों और गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी।

## जन–जन की सरकार

जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार कार्यक्रम के तहत आज चम्पावत जिले की दो न्याय पंचायतों में बहुउद्देश्यीय शिविर लगाए गए। पाटी विकासखण्ड के कमलेख और बाराकोट विकासखण्ड के ईजड़ा न्याय पंचायतों में आयोजित शिविरों में ग्रामीणों की समस्याओं के निस्तारण करने के साथ ही उन्हें जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके अलावा विभिन्न प्रमाण पत्र बनाए गए। ग्रामीण मोहन सिंह माहरा ने कहा कि इस तरह के शिविरों के माध्यम से जनता के सभी कार्य एक ही स्थान पर हो रहे हैं।

उधर, उत्तरकाशी जिले के डुंडा विकासखंड की न्याय पंचायत बड़ेथी में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया।

## युवा सम्मेलन

पिथौरागढ़ के जिला पंचायत सभागार में आज युवा पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय विकास, रोजगार सृजन, पलायन रोकने, शिक्षा–स्वास्थ्य सुधार और पारदर्शी प्रशासन जैसे विषयों पर चर्चा की गई। सम्मेलन में शामिल हुई अंकिता पाल ने कहा कि तकनीक का सही उपयोग, जनभागीदारी और ईमानदारी से कार्य करने पर गांवों में वास्तविक बदलाव लाया जा सकता है।

सम्मेलन में जिले भर से आए युवा ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत सदस्यों ने भाग लिया।